प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 29.12.2024

- **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा लोक सेवक से मारपीट व कर्तव्य पालन से रोकने के मामले में वांछित चल रहे 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गजनेर पर वादी श्री मयंक सिंह राठौर, अवर अभियन्ता सरवनखेड़ा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी लिखित तहरीर में लोक सेवक को चोट पहुँचाने,जानबूझकर अपमान व हिंसा के लिये उकसाना व कर्तव्य पालन से रोकने के सम्बन्ध में मु0अ0स0 344/2024 धारा 190/191(2)/115(2)/352/121(1)/132 बीएनएस बनाम 09 नफर नामजद व 10-12 अज्ञात अभियुक्तगण के विरुध्द दिनांक 28.12.2024 को पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे अभियुक्त छोटू उर्फ सत्येंद्र पुत्र स्व0 शिवकरण निवासी ग्राम मनेथू थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात को आज दिनांक 29.12.2024 को थाना पुलिस टीम द्वारा ग्राम मनेथू तिराहा थाना क्षेत्र गजनेर से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. छोटू उर्फ सत्येंद्र पुत्र स्व0 शिवकरण निवासी ग्राम मनेथू थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 344/2024 धारा 190/191(2)/115(2)/352/121(1)/132 बीएनएस थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री राजेश कुमार
2. हे0का0 91 श्यामप्रताप
3. का0 147 अंकित